तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 16.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 11 अक्टूबर 2025

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]




शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ पर निर्जला व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु की। शाम को पूजा उपरांत चंद्रमा के दर्शन कर उन्होंने अपना व्रत तोड़ा।

## खबर संक्षेप

### 1.2 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण स्वीकृत, वितरित



**जशपुरनगर।** जनपद पंचायत मनोरा में गुरुवार को आयोजित मुद्रा एवं क्रेडिट लोन मेला में विभिन्न लाभार्थियों को कुल 01 करोड़ 2 लाख 30 हजार रुपए का ऋण स्वीकृत एवं वितरण किया गया। इनमें 21 स्व-सहायता समूहों को बैंकों से लिंकेज के माध्यम से 88 लाख 50 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया, वहीं 17 लाभार्थियों को 13 लाख 80 हजार रुपये का मुद्रा लोन स्वीकृत एवं वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य डीपीएम अमीन खान, एलडीएम वॉलटर वेगरा, जिला प्रमुख साधन अखिल परासेठ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनोरा सहित सभी बैंक शाखा के मैनेजर एनआरएलएम से बीपीएम, एसी पीआरपी एवं बिहान की दीदियां भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।

### जिले में 1 जून से अब तक 11007.3 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक11007.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 10 अक्टूबर तक की स्थिति में 10939.4 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 14.3 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1361.0 मिमी, मनोरा में 1414.9 मिमी, कुनकुरी में 1534.5 मिमी, दुलदुला में 729.4 मिमी, फरसाबहार में 814.9 मिमी, बगीचा में 1208.9 मिमी, कांसाबेल में 1030.2 मिमी, पत्थलगांव में 979.8 मिमी, सन्ना में 1269.4 मिमी एवं बागबहार में 764.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

## पर्यटन स्थलों का दर्शन करने जशपुर वाहन रवाना

# विधायक सहित अधिकारियों ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- पर्यटक मधेश्वर पहाड़ सहित जिले के अन्य खूबसूरत पर्यटन स्थलों का कर सकेंगे दर्शन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले के प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण और समृद्ध जनजातीय संस्कृति को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अधोसंरचना विकास सहित अनेक कार्यक्रमों को संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की इस पहल से जहां जशपुर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिल रही है, वहीं स्थानीय युवाओं और समुदाय के लिए आजीविका के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिले



में पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु विभिन्न नवाचारी कार्यक्रमों और गतिविधियों का सफल संचालन किया जा रहा है, जिससे जशपुर पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है। आज कलेक्टर के निर्देश पर जिला प्रशासन ने एक अभिनव पहल करते हुए जशपुर दर्शन 2025 की शुरूआत की। विधायक मती रायमुनी भगत, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर रोहित शेष पेज 4 पर

### जशपुर दर्शन में करीब से देख सकेंगे जशपुर की प्राकृतिक सुंदरता

जशपुर दर्शन 2025, 10 से 15 अक्टूबर तक चलेगा। एक दिन की इस खास यात्रा में पर्यटकों को जशपुर की खूबसूरती को करीब से जानने का मौका मिलेगा। इसके अंतर्गत पर्यटकों को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में लार्जेस्ट नेचुरल फैक्सिमिली ऑफ शिवलिंग के रूप में दर्ज मधेश्वर पहाड़ का दर्शन करने के अवसर प्राप्त होगा। इसके अलावा रानीदाह जलप्रपात, पुरातत्व संग्रहालय, शारदा धाम, देशदेखा, मयाली वाटर स्पोर्ट्स, सारूडीह चाय बगान और गुल्लू जलप्रपात जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों की सैर भी कराई जाएगी। पर्यटकों की सुविधा के लिए इस यात्रा का पैकेज शुल्क प्रति व्यक्ति मात्र 1000 रखा गया है। वहीं पूरी गाड़ी बुकिंग करने पर 5000 रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। बुकिंग एवं विस्तृत जानकारी के लिए मोबाइल नंबर +91 9329074651 पर संपर्क किया जा सकता है।

## बागबहार को मिला आधुनिक मिनी स्टेडियम और इंडोर हॉल का तोहफा

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में विकास की रफ्तार लगातार तेज हो रही है। शासन की प्राथमिकताओं में अब खेल सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण भी प्रमुख रूप से शामिल है। इसी कड़ी में बागबहार क्षेत्र के खेल प्रेमियों और युवाओं के लिए बड़ी सौगात के रूप में राज्य शासन द्वारा 4 करोड़ 67 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से बागबहार में आधुनिक मिनी स्टेडियम और इंडोर हॉल का निर्माण किया जाएगा, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के लिए सुसज्जित मंच मिल सकेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कुछ समय पूर्व बागबहार में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में पहुंचकर यह घोषणा की थी। स्थानीय जनता की लंबे समय से



- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा पर अमल, 4 करोड़ 67 लाख की स्वीकृति

चली आ रही इस मांग को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया था, और अब शासन द्वारा उसकी औपचारिक स्वीकृति जारी कर दी गई है। इस निर्णय से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों में नया उत्साह देखा जा रहा है। नवनिर्मित मिनी स्टेडियम और इंडोर हॉल में फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शेष पेज 4 पर

## एसडीएम ने ली पटवारियों व तहसीलदार की बैठक

- प्राथमिकता से कृषकों के पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण करने के दिए निर्देश

**जशपुरनगर।** जशपुर एसडीएम विश्वास राव मस्के ने विगत दिवस 08 अक्टूबर को मनोरा तहसील के समस्त तहसीलदार एवं पटवारियों की बैठक आयोजित कर एग्रीस्टेक (किसान पंजीयन) की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जिन कृषकों का पंजीयन अब तक नहीं हो पाया है. ऐसे किसानों को तीन दिवस के भीतर चिन्हांकित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण की जाए। इस संबंध में सभी संबंधित राजस्व अमले को सक्रियता एवं गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक के पश्चात एसडीएम मस्के द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, मनोरा के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया और विभिन्न शाखाओं का अवलोकन कर कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों की बैठक लेकर विद्यार्थियों के जाति प्रमाण-पत्र निर्माण कार्य की प्रगति



पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि एक गूगल शीट तैयार कर ऐसे विद्यार्थियों की समग्र सूची तैयार की जाए, जिनका जाति प्रमाण पत्र अब तक जारी नहीं हुआ है. ताकि कार्य की निरंतर निगरानी की जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि दीपावली पर्व से पूर्व सभी पात्र विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाकर वितरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं शासकीय योजनाओं का समय पर लाभ प्राप्त हो सके।

## बासनताला में साइकिल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

# बालिकाओं को मिली साइकिल, शिक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम

**जशपुरनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला में 9 अक्टूबर 2025 को सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रवेश द्वार पर अतिथियों के पारंपरिक स्वागत से हुई।

व्याख्याता सुमति चौहान, बिनीता मिंज, ममता टोप्पो, मनीषा लकड़ा, रीना मांझी और रेशमा मिंज ने तिलक, बैज, आरती और वेलकम क्लैप्स से अतिथियों का अभिनंदन किया। मंच पर "अतिथि देवो भव" शेष पेज 4 पर



**प्राचार्य ने बढ़ाया उत्साह:** साइकिल वितरण प्रभारी व्याख्याता संदीप मिंज ने योजना की विस्तृत जानकारी और लाभार्थी छात्राओं की सूची प्रस्तुत की। विद्यालय की प्राचार्य विनय प्रभा खलखो ने अपने उद्बोधन में कहा कि "छात्राएं शासन द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं और योजनाओं का सदुपयोग करें तथा शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनें।"कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### बालिकाओं के लिए सरकार की प्रेरणादायक योजना

कार्यक्रम के उद्घाटन उद्बोधन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद रईसुल हसन खान ने कहा कि शासन द्वारा बच्चों को विद्यालय से जोड़ने और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं — जिनमें निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति और कक्षा 9वीं में नवप्रवेशित बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरण शामिल है। उन्होंने कहा कि "यह योजना बालिकाओं की शिक्षा के साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है।"




## खबर संक्षेप



### शासकीय उमावि दलधोवा में हुआ सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम

**बलरामपुर।** शासकीय हाई स्कूल एवं माध्यमिक शाला दलधोआ में मुख्यमंत्री शाला गुणवत्ता अभियान के तहत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा छठवीं से लेकर के दसवीं तक के सभी विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत के उप सरपंच अर्जुन यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में माथुर यादव उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य एवं संकुल प्राचार्य श्याम लाल गुप्ता द्वारा सभी अतिथियों एवं अभिभावक का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं संस्था के प्राचार्य के द्वारा सामाजिक अंकेक्षण में निहित प्रमुख बिंदुओं को एक-एक करके बच्चों के सामने प्रश्न किया गया जिसमें बच्चों ने पूर्ण सहभागिता निभाते हुए सभी प्रश्नों का उत्तर दिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि अर्जुन यादव ने नेवता भोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पवन पाटिल, महेश्वर यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### हायर सेकेंडरी स्कूल सरहरी में सामाजिक अंकेक्षण



**पोडीमोड़।** सरहरी संकुल के समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं सहित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरहरी में सामाजिक अंकेक्षण संपन्न हुआ। टीम लीडर मनीष कुमार राय एवं संस्था के प्राचार्य दिलीप तिवारी शिक्षक ग्राम वासियों एवं एसएमडीसी के अध्यक्ष, सदस्य एवं विद्यार्थियों के उपस्थिति में सामाजिक अंकेक्षण पूरा किया गया। इस अंकेक्षण कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती वंदना के साथ हुआ। अंकेक्षण कार्यक्रम में टीम लीडर मनीष राय द्वारा छात्राओं की योग्यता का परीक्षण विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से किया गया। समुदाय के लोगों ने भी छात्र-छात्राओं से प्रश्न पूछ कर उन्हें आगे बढ़ाने के लिए और अच्छा परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया।

### स्कूली बच्चों को मिला अतिरिक्त पोषण का लाभ, वितरण किया गया फ्रूट जूस




**बिश्रामपुर।** संकुल कन्या बिश्रामपुर अंतर्गत संचालित मिडिल स्कूल शिवनंदनपुर,प्राथमिक कन्या शिवनंदनपुर,मा.शा कन्या शिवनंदनपुर,प्रा.शा बालक शिवनंदनपुर,प्रा.शा झारपारा कुंजनगर,प्रा.शा चोपड़ा बिश्रामपुर एवं मा.शा स्टेशनपारा कुंजनगर एवं प्रा.शा स्टेशनपारा कुंजनगर के 447 बच्चों को युवा साथी फाउंडेशन द्वारा 6 से 9 अक्टूबर तक अभियान चलाकर रीयल फ्रूट जूस वितरण किया गया, साथ ही मध्यान्ह भोजन हेतु अदरक लहसुन पेस्ट, टूथपेस्ट एवं हाजमोला भी सभी विद्यालयों को वितरण किया गया,युवा साथी फाउंडेशन के सदस्य पीयूष गोयल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पोषण, स्वास्थ्य,स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाना व सेवा भावना से प्रधानमंत्री मंत्री शक्ति पोषण योजना से जुडना ताकि बच्चों में पोषण की कमी ना रहे,इस अवसर पर संकुल प्रभारी आशीष भट्टाचार्य के अलावा पंकज कुमार सिंह जनशिक्षक बिश्रामपुर 2 एवं गौरीशंकर पाण्डेय जनशिक्षक कन्या बिश्रामपुर समेत सभी विद्यालय के शिक्षक सक्रिय रहे,जनशिक्षक गौरीशंकर पाण्डेय ने युवा साथी फाउंडेशन छत्तीसगढ़ सूरजपुर इकाई के पीयूष गोयल,डॉ रजनीश गर्ग,दिव्यांश गोयल,अनीता गर्ग का आभार व्यक्त किया।

### एकलव्य विद्यालय में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी

**बलरामपुर।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले में संचालित 6 प्रयास एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं में लेटरल एंट्री के माध्यम से कुल 95 रिक्त सीटों पर प्रवेश किया जाना है। जिसमें आवेदन निर्धारित प्रपत्र में भरकर कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग बलरामपुर एवं संबंधित एकलव्य आदर्श विद्यालयों में मंगाया गया था। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण उपरांत प्राप्तांको के आधार पर कक्षावार मेरिट सूची का प्रकाशन किया गया है।

### चोरों ने घर के परछी से ले उड़े बाइक

**अम्बिकापुर।** आकाश ठाकुर आ. स्व. बल्लू ठाकुर ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 7 अक्टूबर की शाम घर के परछी में बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजी 4653 को खडा करने के पश्चात भोजन कर सो गया। सुबह उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

---

शासन ने दी 4 विद्युत उपकेंद्र निर्माण की स्वीकृति

# लुण्ड्रा व उदयपुर ब्लाक के दूरस्थ क्षेत्रों में नहीं होगी अब लो-वोल्टेज की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लंबे समय से लो-वोल्टेज सहित अन्य विद्युत समस्याओं से जूझ रहे विकासखण्ड लुण्ड्रा के दूरस्थ ग्रामीणों को अब बड़ी राहत मिलने वाली है। इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए शासन ने 3 अतिरिक्त विद्युत उपकेन्द्र बनाने की स्वीकृति प्रदान की है। सब कुछ अनुकूल रहा तो एक पखवाड़े के भीतर विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण प्रारंभ हो जाएगा।

**खास बात**
- मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकासखण्ड से होगा 16 करोड़ का निर्माण

विकासखण्ड लुण्ड्रा की भागौलिक परिस्थितियों एवं विरल बसाहट के कारण पूर्व में लम्बी दूरी तक विद्युत लाइन का विस्तार किया गया था। समय बदलने के साथ ही अब लुण्ड्रा ब्लॉक के दर्जनों गांवों में बड़े पैमाने पर सब्जियों की खेती हो रही है। सब्जियों की खेती के लिए कृषकों ने बड़े पैमाने पर कृषि पंप लगाए हैं। दूसरी तरफ लुण्ड्रा में लगातार क्रशर व्यवसाय का विस्तार हो रहा है। आए दिन नए-नए क्रशर लग रहे हैं जिससे विद्युत खपत में लगातार वृद्धि हो रही है। विद्युत खपत में अत्याधिक वृद्धि होने के कारण दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को लो-वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है। विद्युत लाइन लम्बी होने के कारण बरसात एवं गर्मी के दिनों में आए दिन खराबी आने एवं लम्बी दूरी की विद्युत लाइन में आई खराबी को दूर करने में काफी समय लग जाता है। ग्रामीणों की समस्या के निराकरण के लिए विद्युत अधिकारियों ने क्षेत्र का अध्ययन किया तो लंबी दूरी की विद्युत लाइन एवं आवश्यकता के अनुरूप विद्युत उपकेन्द्र नहीं होने की बात सामने आई। विभाग ने इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए शासन को दो नए विद्युत उपकेन्द्र खोलने का प्रस्ताव भेजा था जिसके लिए मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास मद से 10 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास मद से विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत भफौली एवं उदयपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बासेन में नवीन विद्युत उपकेन्द्र निर्माण के लिए 6 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। विद्युत उपकेन्द्र निर्माण के लिए विभाग द्वारा निविदा की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्युत अधिकारी एक पखवाड़े में निर्माण कार्य प्रारंभ करने की उम्मीद जता रहे हैं।



**दो उपकेंद्रों से होती थी आपूर्ति**

विद्युत विभाग द्वारा पूर्व में ब्लॉक मुख्यालय धौरपुर एवं लुण्ड्रा में विद्युत ब्लॉक की सीमा जशपुर, लखनपुर, राजपुर एवं शंकरगढ़ से सटे होने के कारण दूरस्थ गांवों में बिजली पहुंचाने के लिए लम्बी दूरी की विद्युत लाइन का विस्तार किया गया। वन क्षेत्र के बीच से गुजरने के कारण विद्युत लाइन में आए दिन फाल्ट आता है। टोला-पारों की लम्बी दूरी की बसाहट के कारण विद्युत लाइन की दूरी और अधिक बढ़ गई है। कृषि पंप एवं क्रशर उद्योगों के विद्युत लोड को नियंत्रित करने विभाग ने ग्राम पंचायत ककनी एवं तुरिया बीरा में नया विद्युत उपकेंद्र बनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास मद से ग्राम पंचायत बफौली में भी विद्युत उपकेंद्र का निर्माण किया जाएगा। तीन नए विद्युत उपकेन्द्र बनने से विद्युत लाइन की लंबाई कम हो जाएगी तथा लाइन में आई तकनीकी खामियों का निराकरण कम समय में किया जा सकेगा। नए उपकेंद्रों के बनने से लो-वोल्टेज की समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। गुणवत्तायुक्त विद्युत आपूर्ति के लिए विभाग ने चसकपुर राजपुर के रास्ते धौरपुर तक 33 केवीए विद्युत लाइन का विस्तार भी किया है जिससे विद्युत आपूर्ति में काफी सुधार आया है।

**अन्य क्षेत्रों को भी मिलेगा लाभ**

योजनान्तर्गत विकासखण्ड उदयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बासेन में भी नया विद्युत उपकेंद्र निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में उदयपुर से कोरबा जिले की सीमा से सटे गांवों तक विद्युत लाइन का विस्तार किया गया है जिसके कारण दर्जनों गांवों में लगे वोल्टेज की समस्या होती है। शासन के योजनान्तर्गत ग्राम बासेन में भी नया विद्युत उपकेन्द्र बनाने की स्वीकृति प्रदान की है। नए विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण होने से लखनपुर के कुंवरपुर, नवापारा, लटोरी एवं चांदों फीडर का विद्युत लोड कम होगा जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा।

**चल रही टेंडर की प्रक्रिया**

नए विद्युत उपकेंद्रों के निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण प्रारंभ कर दिया जाएगा। उपकेंद्र निर्माण के लिए स्थल चयन कर लिया है।
-**रोशन नागवंशी**, ईई, ग्रामीण विद्युत संभाग

---

# अंबिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन में एलएचबी कोच की सुविधा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अंबिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन के बाद रेल प्रबंधन ने अब जबलपुर अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन को अपडेट कर एलएचबी कोच की सुविधा प्रदान कर दी है।

- यात्रियों के लिए अधिक सुरक्षित व आरामदायक हुई यात्रा, बर्थ संख्या में भी होगी वृद्धि

बता दें कि यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक एवं आधुनिक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रेल प्रबंधन निरंतर प्रयास कर रहा है,इसी क्रम में रेलवे द्वारा गाड़ियों में पुराने पारंपरिक कोचों के स्थान पर नई तकनीक से निर्मित लिंक हॉफमैन बुश (एलएचबी)कोच लगाए जा रहे हैं, जो अधिक सुरक्षित,आरामदायक तथा उच्च गति के अनुरूप हैं।इसी क्रम में गाड़ी संख्या 11265/11266 जबलपुर–अम्बिकापुर–जबलपुर एक्सप्रेस को जबलपुर से 9 अक्टूबर से तथा अम्बिकापुर से 10 अक्टूबर से एलएचबी कोचों के साथ संचालित किया जा रहा है।

एलएचबी कोचों के समावेश से यात्रियों को जहाँ यात्रा के दौरान बेहतर सुरक्षा एवं आराम का अनुभव होगा,वहीं सीटों की संख्या में भी वृद्धि हुई है,इस बदलाव से गाड़ी में कुल 93 अतिरिक्त बर्थ की सुविधा यात्रियों को पहले के मुकाबले अधिक उपलब्ध होगी।इस एक्सप्रेस ट्रेन की अलग -अलग कोच बर्थ में एसी 3 टियर में 8 बर्थ संख्या में वृद्धि,चेयर कार में 5 सीटों की वृद्धि,तथा

**स्लीपर श्रेणी में 80 बर्थ की वृद्धि होगी**

इस प्रकार अधिक संख्या में यात्रियों को अब कंफर्म बर्थ के साथ आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा का अवसर मिलेगा।रेल प्रबंधन के मुताबिक नए एलएचबी कोचों के उपयोग से न केवल यात्रा अनुभव बेहतर होगा बल्कि रेलवे की सुरक्षा एवं गुणवत्ता मानकों में भी सुधार होगा।

## विधायक शकुंतला ने किया एनीकट निर्माण का भूमि पूजन



**प्रतापपुर।** दूरस्थ वनांचल क्षेत्र ग्राम पंचायत जजावल में जल संसाधन विभाग द्वारा बिंदु नदी में एनीकट निर्माण लागत 298 लाख का भूमि पूजन मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते द्वारा किया गया।

विधायक ने अधिकारी कर्मचारी को निर्देशित करते हुए कहा कि काम की गुणवत्ता में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों खुशहाली के लिए सरकार ने यह काम करवाया है और बहुत प्रयासों के बाद बड़े काम आते हैं। जजावल की जनता को यह कार्य समर्पित है। एनिकट निर्माण होने से किसानों को लाभ होगा। विकास कार्य को तेज गति से करते हुए आम जनता की समस्या को त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, चंद्रदेव सिंह, विद्यनाथसिंह, रामावतार सिंह, सुदामा राम यादव, सूरज प्रसाद संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रकम दोगुनी करने का झांसा देकर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चिटफंड कंपनी के माध्यम से सरगुजा के भोले भाले ग्रमीणों की करोड़ो रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। कंपनी में लोगों से पैसे इन्वेस्ट कराकर ठगी करने वाले दो संचालकों को पुलिस ने पश्चिम बंगाल के कलकत्ता से गिरफ्तार किया है जबकि इस प्रकरण में शामिल एक आरोपी की पांच साल पूर्व मौत हो चुकी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

- वर्ष 2011 में संचालित थी चिटफंड कंपनी, कलकत्ता से पकड़े गए आरोपी

बताया जा रहा है कि शहर में पश्चिम बंगाल कलकत्ता के रफी अहमद किदवई रोड निवासी अनुकूल मैती, कनिका मैती और स्वप्न राय द्वारा केदारपुर में मेगा मोल्ड इंडिया लिमिटेड कंपनी का संचालन किया जा रहा था। वर्ष 2011 से संचालित इस कंपनी आरोपियों ने कंपनी में पैसा लगाने पर दो गुना करने का लालच देकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से पैसे जमा कराए गये। आरोपियों ने गांव में एजेंट नियुक्त कर लोगों को अपने जाल में फंसा और लाखों रुपए का इन्वेस्ट कराकर आई कोर रिजु सिमेंट लिमिटेड, आर्ड कोर ई-कॉमर्स, आई कोर अपारेयल, आई कोर मेगा गोल्ड इंडिया लिमिटेड कंपनी इत्यादि के खाते में पैसा जमाकर पावती रशीद एवं डिवेयर सर्टिफिकेट दिया गया था।



इसी कंपनी के झांसे में आकर मूलतः बलरामपुर कोरंधा हाल मुकाम गोधनपुर निवासी फुलेश्वरी बुनकर ने भी 5 लाख रुपए 15 फरवरी 2011 को किया था लेकिन बाद में कंपनी लोगों के करोड़ो रुपए लेकर फरार हो गई थी। चिटफंड कंपनी द्वारा की गई ठगी के मामले में पुलिस ने भादवि की धारा 420, 34 व छग निक्षपेकों के हितो का संरक्षण अधिनियम 2000 की धारा 10 तथा इनामी चिट फंड धन परिचालन स्कीम (पाबंदी) अधिनियम 1978 की धारा 4,5,6 के तहत अपराध दर्ज किया था। चिटफंड कंपनी के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश एसएसपी राजेश अग्रवाल ने दिए थे। एसएसपी के निर्देश पर लखनपुर पुलिस पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुई थी। इस दौरान पुलिस ने कलकत्ता जाधवपुर निवासी 56 वर्षीया कनिका मैती पति स्व. अनुकूल मैती, परगना रामनगर निवासी 55 वर्षीय स्वप्न राय आ. पुनी भूषण राय को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही प्रकरण का मुख्य आरोपी अनुकूल मैती की वर्ष 2020 में ही मौत हो गई थी। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक केके यादव, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विवेक सेंगर, सउनि निशिकांत एक्का, प्रधान आरक्षक रुस्तम सिंह, महिला आरक्षक अमरावती राजवाड़े, मनीता तिग्गा, आरक्षक शिव राजवाड़े, जगेश्वर बघेल, असलम अंसारी, राकेश एक्का सक्रिय रहे।



### गर्भवती होने के बाद किया शादी से इनकार आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और गर्भवती होने के बाद शादी करने से मना करने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पस्ता थाना अंतर्गत डवरा चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवती ने चौकी में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि अजय एडगी ने उसे शादी का झांसा देकर लगातार 8 महीनों तक शारीरिक संबंध बनाया। युवती अब 6 माह की गर्भवती है। युवती ने जब शादी की बात की तो उसने इनकार कर दिया। युवती की शिकायत के बाद पुलिस ने डूमरखोल निवासी 21 वर्षीय अजय एडगी आ. सहजू एडगी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 69 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### विधायक पैकरा के प्रयासों से कुसमी बिनगंगा जलाशय को मिली 25 करोड़ 41 लाख की स्वीकृति

**कुसमी।** विकासखंड कुसमी अंतर्गत रातासिली ग्राम के समीप बिनगंगा जलाशय योजना जो पूर्व में राशि के बगैर अधूरा पड़ा हुआ था। इस जलाशय योजना के निर्माण हेतु विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की प्रयासों से 25 करोड़ 41 लाख 42 हजार रुपए की राशि स्वीकृति प्रदान की गई है।
ज्ञात हो कि इस जलाशय के निर्माण हो जाने पर क्षेत्र के किसानों को आसानी से खेती करने हेतु पानी उपलब्ध हो पाएगी और किसान आत्मनिर्भर होते हुए आर्थिक स्थिति से मजबूत हो सकेंगे। जलाशय की प्रशासकीय स्वीकृति मिल जाने पर क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर देखने को मिल रही है। उम्मीद है कि शासन द्वारा जल्द ही जलाशय योजना के निर्माण हेतु निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर जलाशय के अधूरे कार्य को पूर्ण कर लिए जाएंगे।



## वाहन फाइनेंस कराने के नाम पर 43 लाख रुपए की ठगी

**अंबिकापुर।** वाहन फाइनेंस कराने पर ईएमआई जमा कराने का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने लोगों से कंपनी के माध्यम से वाहन फाइनेंस कराया लेकिन ईएमआई और ब्याज की राशि जमा नहीं की। जब लोगों को बैंकों से नोटिस पहुंचने शुरू हुए तो ठगी का खुलासा हुआ। अब तक 43 लाख रुपए की ठगी होने की बात सामने आई है जबकि ठगी की रकम बढने की बात कही जा रही है।

- एनवी ग्रुप कंपनी के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया अपराध

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के प्रेमनगर निवासी संजय कुमार एक्का समेत अन्य लोगों ने गांधीनगर थाना में शिकायत दी थी कि विष्णु राम प्रजापति और निकुंज गुप्ता द्वारा एनवी ग्रुप के नाम से कंपनी का संचालन किया जाता था। कंपनी द्वारा अम्बेडकर चौक में एनवी ग्रुप का कार्यालय भी खोला गया था। इस दौरान संचालकों ने लोगों को झांसा दिया कि वे वाहन फाइनेंस कराने का काम करते है और उनका एनवी ग्रुप रियल स्टेट का कारोबार भी है जिससे उन्हें अच्छा खासा मुनाफा होता है। इस दौरान लोगों को बताया गया कि वे कंपनी के माध्यम से वाहन फाइनेंस कराएंगे और फाइनेंस की रकम का आधा पैसा कंपनी में जमा करेंगे तो कंपनी ईएमआई का भुगतान करेगी और कुछ माह तक जमा रकम पर 2 प्रतिशत का ब्याज भी देगी। एनवी ग्रुप के फर्जी स्कीम के झांसे में आकर लोगों ने अपने वाहन फाइनेंस कराए और कंपनी को पैसे भी दिए। आरोप है कि कंपनी में राशि जमा कराने के बाद भी कंपनी ने वाहनों के फाइनेंस का ईएमआई जमा नहीं किया। जब उन्हें बैंकों से ईएमआई जमा करने के लिए नोटिस मिलना शुरू हुआ तो उन्होंने कंपनी से सम्पर्क लिया। पहले तो कंपनी के संचालक टालमटोल करते रहे लेकिन मई 2025 में उन्होंने ईएमआई जमा करने और राशि वापस करने से मना कर दिया। कंपनी में फिलहाल शिकायतकर्ता संजय एक्का ने 14 लाख 20 हजार रुपए, गांधीनगर निवासी राजू कुमार 5 लाख रुपए, जशपुर दुलदुला निवासी सुनील बघेल 6 लाख 20 हजार रुपए, बगीचा निवासी कमलेश भगत ने 1 लाख रुपए, गांधीनगर निवासी आलोक सिंह 8 लाख 65 हजार रुपए, अशोक कुमार 5 पांच 90 हजार रुपए, लैलूंगा निवासी कौशल कृष्ण यादव ने 2 लाख रुपए में जमा किए। मामले में पुलिस ने एनवी कंपनी के संचालक विष्णु राम प्रजापति और निकुंज गुप्ता के खिलाफ बीएनएस की धारा 3(5), 318(4) के तहत अपराध दर्ज किया है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस की जांच में ठगी की रकम बढ़ भी सकती है।

### अभियंता संघ ने शुरू किया चरणबद्ध आंदोलन

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ ने पावर कंपनियों के डिस्ट्रीब्यूशन, जनरेशन एवं ट्रांसमिशन विंग में कनिष्ठ यंत्रियों एवं सहायक यंत्रियों की पदोन्नति नीति में सुधार सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। संघ ने प्रबंधन को पत्र भेजकर कहा है कि यदि मांगे पूरी नहीं होती हैं, तो वे अनिश्चितकालीन कामबंद आंदोलन करने को बाध्य होंगे। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष बीबी जायसवाल ने बताया कि कई बार की द्विपक्षीय चर्चाओं और ज्ञापनों के बावजूद प्रबंधन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। संघ सदैव कंपनी हित में कार्य करता रहा है।

## कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। नवविवाहिता की अस्पताल लाते समय जबकि ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हुई। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम सुन्दरपुर निवासी सोमार साय आ. स्व. जयमंगल (49 वर्ष) शराब पीने का आदि था। 6 अक्टूबर को नशे की हालत में पत्नी व बच्चों से गाली-गलौज कर रहा था और कुछ समय बाद घर में रखे कीटनाशक को पी लिया।

परिजन उसे सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। दूसरी घटना में सन्ना थाना अंतर्गत ग्राम खडार निवासी कल्पना पति अजय कुमार तिर्की (17 वर्ष) बुधवार की शाम अज्ञात कारण से कीटनाशक पी ली। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने नवविवाहिता की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया परिजन ने पुलिस को बताया कि अगल-बगल गांव के होने के कारण दोनो एक दूसरे को पसंद करते थे जिसके बाद दोनों परिवार की सहमति से विवाद कर दिए। विवाह के बाद वह पति के साथ किराए के मकान में रायपुर में रहती थी।

---

मार्ग से यात्री बस सहित अन्य वाहन सवार करते हैं आवागमन

# सूरजपुर को जोड़ने वाली शॉर्टकट सड़क कीचड़ में तब्दील, लोगों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

सूरजपुर को जोड़ने वाली एकमात्र गुमगरा-कन्दरई मार्ग इन दिनों लगातार बारिश के बाद कीचड़ में तब्दील हो गया है। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से कच्ची सड़क पर डामरीकरण की मांग कर रहे है बावजूद इसके आज तक ग्रामीणों पक्की सड़क नसीब नहीं हो सकी। जबकि इस मार्ग से यात्री बस सहित अन्य वाहनों के अलावा बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते है। यह मार्ग सरगुजा-सूरजपुर को जोड़ने वाली गुमगरा जमदई सड़क गुमगरा से जंगल के रास्ते सूरजपुर जाने के लिए यह मार्ग शॉर्टकट है। लगभग 10-12 किलोमीटर की कच्ची सड़क है जिसे आज तक पक्की सड़क नहीं बनाई गई है। लखनपुर जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गुमगरा जंगल के बीच में नहर निकला है जो सूरजपुर जिले के कन्दरई तक सीधे जोड़ता है।नहर के समीप से गुजरने वाली सड़क शॉर्ट कट होने के कारण हर समय व्यस्त होता है और बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते है। सूरजपुर जाने के लिए एक मात्र शाटकट मार्ग है जिससे लखनपुर क्षेत्र से सूरजपुर जाने के लिए यात्री बस के अलावा अन्य वाहन सवार इस मार्ग का उपयोग करते है। कुंवरपुर बांध से निकली नहर विश्रामपुर रेड नदी तक पहुचता है। गुमगरा, जमदई, कन्दरई, पेंडरखी होते हुए विश्रामपुर तक जाता है परंतु नहर के समीप कच्ची सड़क होने से मार्ग की स्थिति काफी दयनीय हो गई है।



**करना पड़ता है 35 किमी की अतिरिक्त दूरी तय**


बरसात में समय गुमगरा जंगल मार्ग से कन्द्रई तक के लगभग 12 किमी कच्ची सड़क होने के कारण सड़क से आवागमन करना मुश्किल हो जाता है। बारिश होते ही सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है जिससे आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सूरजपुर जाने लिए महंगई, मानी चौक होकर जाना पड़ता है जिससे लगभग 35 किमी अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ता है।

**करेंगे प्रयास**

सूरजपुर को जोड़ने वाली कच्ची सड़क के लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव द्वारा प्रस्ताव बनाकर नहीं दिया गया है। प्रस्ताव बनाकर देंगे तो प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा। नहर किनारे की सड़क को बनाने का प्रयास किया जाएगा।
-**डॉ. स्वेच्छा सिंह**
जनपद सीईओ लखनपुर

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH



## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹251/- फोन से परामर्श केवल ₹501/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : **96308-91863**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
नया रामावतार पेट्रोल पंप के सामने, सहदेवड़ा ज्वेलर्स के बाजू दर्री रोड, कोरबा (छ.ग.)

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : 96308-91863**

## खबर संक्षेप



### जर्जर सड़क से राहगीरों को हो रही परेशानी

**कटेली।** बदहाल सड़कों का मायाजाल पूरे प्रदेश में देखा जा रहा है तो इसमें नए जिला बने सारंगढ़ बिलाईगढ़ भला कैसे अछूता रह सकता है। जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए मंगलवार को आयोजित जनदर्शन में आवेदन दिया गया कि सारंगढ़ से बिलासपुर रोड में परसदा बड़े तक सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे निर्मित हो गए हैं। सड़क की स्थिति टूटी-फूटी है, बरसात के दिनों में गड्ढे में भारी मात्रा में पानी भर जाने के कारण यातायात बाधित होता है। वहीं सूखे के दिनों में धूल से राहगीर परेशान नजर आते हैं। वर्तमान में इस मार्ग में स्कूली बच्चों का आना-जाना रहता है और किसान, व्यापारी राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनपद सदस्य मुकेश साहू व ग्रामवासियों ने जिला कलेक्टर को जनदर्शन में शिकायत कर जल्द ही सड़क सुधार की मांग की गई है।

### 55 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कटेली।** कनकबीरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 55 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम भाटाकोना के दमका जंगल मे अवैध कच्ची महुआ शराब बनाया रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर एक व्यक्ति को जंगल में कच्ची महुआ शराब बनाते धर दबोचा। पूछताछ में उसने अपना नाम हीरालाल बरिहा पिता जैतराम बरिहा 52 वर्ष निवासी ग्राम भाटाकोना चौकी कनकबीरा बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 55 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 11000 रुपए को जब्त कर लिया है। वहीं उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे रिमांड पर भेज दिया गया है।

### मधुमक्खियों के हमले में वृद्ध की हुई मौत

**राजगांगपुर।** सुंदरगढ़ जिले के कुतरा थाना क्षेत्र के कटंग चौकीदारपाड़ा में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में 68 वर्षीय वृद्ध की मधुमक्खियों के हमले से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार धराअढ़ा गांव निवासी लियोनार्ड डुंग डुंग 68 किसी कार्य से कटंग गांव की ओर जंगल के रास्ते से जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक मधुमक्खियों का एक बड़ा झुंड उन पर टूट पड़ा। दर्जनों डंक लगने से वृद्ध व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कुतरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर राजगांगपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस दर्दनाक घटना के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जंगल मार्ग पर चेतावनी संकेत लगाने की मांग की है।

### सैलून संचालक से मारपीट आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने अंबेडकर चौक स्थित सैलून दुकान में मारपीट करने वाले आरोपी शेख अजरूद्दीन उर्फ अज्जू पठान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। 8 अक्टूबर को थाना चक्रधरनगर में प्रार्थी विजय श्रीवास पिता दैतारी श्रीवास निवासी बंगलापारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका सैलून अंबेडकर चौक पर स्थित है। 7 अक्टूबर की रात करीब 8.30 बजे आरोपी अज्जू पठान निवासी पंजरी प्लांट रायगढ़ उसके दुकान में आया और शराब पीने के लिए 200 रुपए की मांग करने लगा। पैसा न देने पर उसने गाली-गलौज की और माचिस निकालकर दुकान में आग लगाने की धमकी दी। जब प्रार्थी ने उसे रोका तो आरोपी ने उसके साथ हाथ-मुक्का से मारपीट कर दी। आसपास के दुकानदारों ने पहुंचकर किसी तरह विवाद शांत कराया। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के जलाए गए झाड़ू और लकड़ी के पाटा का पंचनामा तैयार किया। आरोपी की पहचान शेख अजरूद्दीन उर्फ अज्जू पठान के रूप में हुई। पूछताछ में उसने अपराध करना स्वीकार किया।

## 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

# खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

# बस्तर संभाग बना ओवरऑल चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

रायगढ़ में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आज भव्य समापन हुआ। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी पांच संभाग रायपुर, बिलासपुर, बस्तर, सरगुजा और दुर्ग से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। पीटीआई टीम द्वारा मुख्य अतिथि एवं गणमान्य अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। वहीं सेंट जेवियर स्कूल की विद्यार्थियों ने राजस्थानी लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

लोकसभा सांसद श्री राठिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश के खिलाड़ी यहां एकजुट होकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किए, जो जिले के लिए गर्व की बात है। प्रतिभागी खिलाड़ियों की अद्वितीय प्रदर्शन और उत्कृष्ट खेल भावना अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी और साथ ही उन खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित किया, जो इस बार आगे नहीं बढ़ पाए हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे खेल के साथ साथ अध्ययन और नैतिक मूल्यों में भी उत्कृष्टता हासिल करें, ताकि वे न केवल खेल में बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। लोकसभा सांसद श्री राठिया ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सर्वसंबंधितों के प्रति आभार व्यक्त किया।





### अधिकारियों को किया सम्मानित

समापन सत्र में प्रतियोगिता का ध्वज अवतरण किया गया और मुख्य अतिथि द्वारा विधिवत समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम में सहयोग करने वाले विभागों, संस्थान प्रमुखों एवं संबंधित अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.केवी राव ने बताया कि प्रतियोगिता पूर्णतः निष्पक्षता एवं खेल भावना के साथ संपन्न हुई। सभी खिलाड़ियों के लिए आवासीय एवं भोजन व्यवस्था सुचारू रूप से की गई थी। उन्होंने आयोजन में सहयोग देने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर निगम, परिवहन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य एवं चिकित्सा विभाग सहित सभी सहयोगी संस्थानों का आभार व्यक्त किया।

### बिलासपुर संभाग को मिला अनुशासित टीम का पुरस्कार

कार्यक्रम में अनुशासित टीम का पुरस्कार बिलासपुर संभाग और बेस्ट मार्च पास्ट का पुरस्कार सरगुजा संभाग को प्रदान किया गया, वहीं ओवरऑल चैम्पियन का खिताब 32 अंकों के साथ बस्तर संभाग ने अपने नाम किया। दुर्ग संभाग 22 अंकों के साथ द्वितीय स्थान और बिलासपुर संभाग 16 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहा। समापन अवसर पर विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### प्रतियोगिता का अंतिम परिणाम इस तरह रहा

25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम वॉलीबॉल बालिका 14 वर्ष अंतर्गत बस्तर संभाग पहला, दुर्ग दूसरा और बिलासपुर तृतीय स्थान पर रहा। इसी तरह वॉलीबॉल बालक 14 वर्ष अंतर्गत बस्तर प्रथम, बिलासपुर द्वितीय और रायपुर संभाग तृतीय, खो-खो बालिका 17 वर्ष अंतर्गत बस्तर प्रथम, बिलासपुर द्वितीय और दुर्ग तृतीय, खो-खो बालक 17 वर्ष अंतर्गत बस्तर प्रथम, दुर्ग द्वितीय और बिलासपुर तृतीय, सॉफ्टबाल बालिका 14 वर्ष अंतर्गत सरगुजा प्रथम, दुर्ग द्वितीय और बस्तर तृतीय, सॉफ्टबॉल बालक 14 वर्ष अंतर्गत बस्तर प्रथम, दुर्ग द्वितीय और रायपुर तृतीय, सॉफ्टबॉल बालिका 19 वर्ष अंतर्गत बस्तर प्रथम, दुर्ग द्वितीय और रायपुर तृतीय, सॉफ्टबॉल बालक 19 वर्ष अंतर्गत दुर्ग प्रथम, रायपुर द्वितीय और बिलासपुर तृतीय, क्रिकेट बालिका 19 वर्ष अंतर्गत रायपुर प्रथम, सरगुजा द्वितीय और बिलासपुर तृतीय स्थान पर रहा।

### समापन अवसर पर ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नगर निगम के सभापति डिग्रीलाल साहू, अशोक अग्रवाल, सुभाष पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी धनराज मरकाम, डीएमसी आलोक स्वर्णकार, सहायक क्रीड़ा अधिकारी, संभागीय जनरल मैनेजर रवि निकम, मृत्युंजय शर्मा, रामलाल, सोमेश लांबा, जीवन लाल नायक सहित अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच का संचालन राजेश डेनियल ने किया।

## गौ तस्करी के खिलाफ पुलिस का ऑपरेशन शंखनाद जारी

# 19 गौवंश मुक्त, चार तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में जशपुर पुलिस द्वारा चलाया जा रहा ऑपरेशन शंखनाद लगातार असर दिखा रहा है। बीते तीन दिनों में जिले की पुलिस ने अलग-अलग दो कार्रवाइयों में 19 नग गौवंशों को तस्करों के चंगुल से छुड़ाने में सफलता हासिल की है।



इनमें से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पहली कार्रवाई थाना तुमला क्षेत्रांतर्गत की है। पुलिस को ग्राम गंझियाडीह के ग्रामीणों से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति बड़ी संख्या में गौवंशों को बेरहमी से मारते-पीटते हुए उड़ीसा की ओर ले जा रहे हैं। सूचना पर थाना तुमला व फरसाबहार की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर 15 नग गौवंशों को सकुशल मुक्त कराया। पुलिस ने मौके से चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनमें कुमार यादव (38 वर्ष) निवासी अम्बाकछार, थाना फरसाबहार, राजकुमार साय (45 वर्ष) निवासी डुमरिया, थाना फरसाबहार, उपेन्द्र यादव (47 वर्ष) निवासी जामझोर, चौकी कोतबा, रोहित यादव (35 वर्ष) निवासी जामझोर, चौकी कोतबा शामिल है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे इन गौवंशों को उड़ीसा राज्य के ग्राम सिकाजोर में बिक्री हेतु ले जा रहे थे। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा बीएनएस की धारा 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### सिटोंगा-बरपानी से भी मुक्त कराए गए 4 गौवंश

इसी तरह दूसरी कार्रवाई सिटी कोतवाली जशपुर क्षेत्रांतर्गत की गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सिटोंगा बरपानी से तस्करों के कब्जे से चार गौवंशों को मुक्त कराया। हालांकि आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

### गौ तस्करी पर रहेगा सख्त नियंत्रण

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि जिले में गौ तस्करी के खिलाफ पुलिस की मुहिम ऑपरेशन शंखनाद के तहत निरंतर कार्रवाई जारी है। कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जशपुर पुलिस का यह अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

# मगरमच्छ का सुरक्षित रेस्क्यू कर छोड़ा गया क्रोक्रोडायल पार्क में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत बनारी के अमुर्री तालाब से मगरमच्छ का सुरक्षित ढंग से रेस्क्यू का उसे कोटमीसुनार स्थित क्रोक्रोडायल पार्क में छोड़ दिया गया है। रेस्क्यू करने में वन विभाग एवं स्थानीय ग्रामीण दिनभर जुटे रहे।

ज्ञात हो कि नवागढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत बनारी के अमुर्री तालाब में मंगलवार 7 अक्टुबर को गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा करीब 7 फीट का मगरमच्छ देखा गया। इस बात की सूचना ग्रामीणों ने सरपंच एवं वन विभाग की टीम को दी, जिसके बाद टीम गांव पहुंची एवं रेस्क्यू के कार्य में लगी रही। इसके लिए वनविभाग की टीम के द्वारा पिंजडे में मुर्गा रखकर उसे पकड़ने की कवायद में जुटे रहे। वही कड़ी मेहनत एवं स्थानीय लोगों की मदद से आखिरकार बुधवार 8 अक्टुबर को मगरमच्छ का सुरक्षित ढंग से रेस्क्यू कर उसे कोटमीसोनार स्थित क्रोक्रोडायल पार्क में सुरक्षित ढंग से छोड़ दिया गया। बताया जाता है कि ग्राम बनारी के अर्मुरी तालाब में मगरमच्छ मिलने की खबर से लोग दहशत में थे, अब मगरमच्छ पकडे जाने से ग्रामीण सुरक्षित महसूस कर रहे है।



### किया गया है रेस्क्यू

ग्राम बनारी के अमुर्री तालाब में मगरमच्छ होने की सूचना पर वनविभाग की टीम के द्वारा सुरक्षित ढंग से मगरमच्छ का रेस्क्यू कर उसे कोटमी सुनार स्थित क्रोक्रोडायल पार्क में छोड़ दिया गया है।

**होरेशचंद्र शर्मा,**
एसडीओ, वनविभाग चांपा

### शरद पूर्णिमा पर सरस शास्त्रीय संकीर्तन

**पुसौर।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर पुसौर के मंदिर चौक के कीर्तन पार्टी ने एक सरस शास्त्रीय संकीर्तन आयोजित किया। जिसमें श्रद्धालुओं ने इसका जमकर आनंद उठाया, वहीं अमृत स्वरूप खीर प्रसाद भी प्राप्त किए। जानकारी के मुताबिक कीर्तन गुरू राजेश थनापति के मार्गदर्शन में पिछले कई वर्षो से लगभग 40 युवाओं का समूह नाम संकीर्तन का प्रदर्शन कर रहा है, जिसमें कई स्थानों में इन्हें अवार्ड भी मिल चुका है। इस समय उक्त कीर्तन समूह में गुरू के साथ-साथ बलराम महाणा, राजू मेहर, तिलक प्रधान, नरेश मेहर का गायकी में स्थान है। वहीं मृदंग में थाप देने मुख्य रूप से तरूण साव हैं। उक्त कार्यक्रम में मुख्य श्रद्धालु के रूप में अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, पार्षद प्रतिनिधि अंशु साव, पूर्व पार्षद जगन्नाथ प्रधान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# लिंगराज बस की बाइक से टक्कर से दो की मौत, 15 घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राउरकेला

जिले के लहुनिपाड़ा थाना क्षेत्र के बसुबहाल के पास बुधवार की शाम को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। हादसे के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया और आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

मिली जानकारी के अनुसार लिंगराज नामक निजी बस ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल एक बच्चे को राउरकेला ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर करीब 10 फीट नीचे सड़क किनारे जा गिरी, जिससे उसमें सवार लगभग 15 यात्री घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दोषी बस चालक पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### ट्रेलर के कुचलने से मां की मौत बेटा गंभीर रूप से घायल

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ ज़िले के कुत्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत राज्य राजमार्ग संख्या 10 पर गड़पोश चौक के पास बुधवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में मां की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतका की पहचान हिमगीर थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी दिलेस्वरी दास के रूप में की गई है। सूत्रों के अनुसार दिलेस्वरी अपने बेटे के साथ राउरकेला से बाइक पर घर लौट रही थीं। रास्ते में गड़पोश चौक के पास उनकी बाइक एक तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दिलेस्वरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। जानकारी के मुताबिक, दिलेस्वरी हाल ही में अपने बीमार भाई से मिलने राउरकेला गई थीं, जिनका इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में निधन हो गया था।

# स्वदेशी अपना कर भारत को आत्मनिर्भर बनाएं : अरूणधर

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ मंडल में आयोजित सम्मेलन के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान ने कहा कि स्वदेशी अपनाए जाने से भारत को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।



आत्मनिर्भर भारत के महायज्ञ में हर किसी को स्वदेशी को अपनाकर अपनी आहुति देनी चाहिए। धरमजयगढ़ मण्डल के डीपापारा सामुदायिक भवन में संगठन की मजबूती के साथ आर्थिक सशक्तिकरण के संकल्प विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान प्रथम मंडल सम्मेलन एवं 2.0 रिफॉर्म और आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर आयोजित कार्यशाला में भी वक्ताओं से अपनी ओज पूर्ण भाषण से कार्यकताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष दीवान के साथ-साथ किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम पहल ने भी की। टीकाराम ने कहा कि मोदी नेतृत्व में भारत शसक्त बन रहा है, आत्मनिर्भर भारत की वजह से यह भारत तेजी से मजबूत हो रहा है। 2.0 रिफॉर्म के वक्ता नरेश कुमार पंडा ने कहा आजादी के बाद ये सबसे बड़ा टैक्स सुधार है जिसका सीधा लाभ आम जनता को होगा। जीएसटी लागू होने से आज तक के सफर की व्याख्या करते हुए श्री पंडा ने कहा सरकार की नियत साफ होती है तब टैक्स देने वाले बढ़ जाते है। मोदी सरकार की नेक नियत का कमाल है कि करदाताओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। संगठनात्मक कार्यों की व्याख्या करते हुए गोकुल नारायण यादव ने कहा कि भाजपा के लिए कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं और कोई भी लक्ष्य उनकें बिना पूरा नहीं किया जा सकता।

# पुसौर में अब आपरेशन के साथ सफल प्रसव, जच्चा बच्चा सुरक्षित

**पुसौर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर में प्रायः नार्मल डिलवरी ही की जाती थी और जब कभी किसी गर्भवती महिला की स्थिति ठीक नहीं रहती और उसे आपरेशन की जरूरत होती तो उसे रायगढ़ रिफर किया जाता था, लेकिन अब इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए एक्सपर्ट डाक्टर आ चुके हैं। जिनके द्वारा सफल आपरेशन कर मां और बच्चे को सुरक्षित रखा जा रहा है, जिससे कई परिवारों के चेहरे खिले हुए हैं।



इसी क्रम में नवमी के दिन ऑपरेशन के माध्यम से सिद्धिदात्री के रूप में कन्या का जन्म हुआ। इसकी शुरुअजा से पुसौर अंचल में एक नए अध्याय का उदय हुआ है। निश्चित ही यह शासन-प्रशासन का आम जनता को हर प्रकार की सुविधा प्रदान करने की कटिबद्धता का जीता जागता उदाहरण है। प्रसव के बाद एक हफ्ते तक स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. रजनी नायक एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डा. विनोद नायक तथा आपरेशन एक्पर्सट डा. दिनेश नायक एवं नर्स स्टफ द्वारा जच्चा बच्चा को निरंतर स्वास्थ्य सुविधा संस्था में ही प्रदान किया गया। इस प्रकार नई स्वास्थ्य सेवाएं पुसौर में ही प्राप्त होने से पूरे अंचल में हर्ष का संचार है। इस कार्य से केवल जनता ही नहीं बल्कि पुसौर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी बहुत उत्साहित हैं। इस उत्साह के माहौल में नवजात बालिका एवं नव प्रसूता माता को ढोल नगाड़ो बजाकर फूलों की बरसात करते हुए अस्पताल से 8 अक्टूबर को डिस्चार्ज करके विदाई दी गई। ज्ञात हो कि उक्त नवजात बालिका के माता तिलोतमा और पिता नितेश हैं जो ग्राम सूपा के रहने वाले हैं।

### फ्लिपकार्ट ऑफिस का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**कटेली।** सारंगढ़ के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात चोरों ने फ्लिपकार्ट ऑफिस का ताला तोड़कर लाखों की चोरी कर ली। घटन की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। दरअसल ग्राम पिहरा थाना सरिया निवासी चित्रसेन साहू फ्लिपकार्ट आंफिस रायगढ़ रोड कुशल नगर सारंगढ में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। बीती रात वो समान एकत्रित कर नगद राशि 3,52,748 रूपए को लॉकर में रखा और आंफिस बंद कर अपने घर चला गया। दूसरे दिन सुबह 4 बजे पार्सल गाडी वाले फोन इसे कर बताए कि ऑफिस का शटर आधा खुला हुआ है। जानकारी पाकर चित्रसेन आंफिस आकर देखा तो शटर का ताला टुटा हुआ, अंदर जाकर देखा तो आंफिस का कैमरा बंद पड़ा था। अज्ञात आरोपी ने लॉकर तोड़ कर उसमें रखे नगदी 3,52,748 रूपए सहित अन्य सामान कुल कीमती 3,58,586 रूपए को पार कर दिया था। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



### पीतावास हत्याकांड के विरोध में वकीलों का उग्र प्रदर्शन

**राउरकेला।** ब्रह्मपुर में प्रख्यात वकील और ओडिशा राज्य बार काउंसिल के सदस्य पीतावास पंडा की गोली मारकर हत्या के विरोध में राउरकेला वकील संघ ने बुधवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। राज्य बार काउंसिल के आह्वान पर आयोजित इस आंदोलन में राउरकेला बार एसोसिएशन के सभी वरिष्ठ वकील और सदस्य शामिल हुए। बुधवार की सुबह बार एसोसिएशन की आम परिषद की बैठक में इस घटना पर चर्चा कर सर्वसम्मति से कलम छोड़ो आंदोलन में शामिल होने का निर्णय लिया गया। वकीलों ने रैली निकालकर एडीएम कार्यालय पहुंचे और एडीएम दीना दस्तगीर को मुख्यमंत्री के उद्देश्य से ज्ञापन सौपा। इससे पहले वकीलों की सुरक्षा व हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग पर वकीलों ने उग्र प्रदर्शन किया।

## पेज 4 के शेष...

### विधायक सहित अधिकारियों ...

व्यास ने जशपुर पुरातत्व संग्रहालय से जशपुर दर्शन वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार, सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, एसडीएम विश्वास राव मस्के, कृष्ण कुमार राय, रामप्रकाश पांडेय, रोपण राम अगरिया और राजा सोनी मौजूद रहे। आज पहले दिन समर्थ आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र जशपुर के छात्र पर्यटन स्थलों का दर्शन करेंगे।

### बागबहार को मिला ...

कबड्डी, सहित कई खेलों की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह पहल ग्रामीण अंचल के खेल प्रतिभाओं को जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि जशपुर की धरती में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। उन्हें केवल उचित अवसर और सुविधाओं की आवश्यकता है। सरकार का उद्देश्य है कि हर गांव और हर ब्लॉक से खिलाड़ी आगे बढ़ें और प्रदेश व देश का नाम रोशन करें।

क्षेत्र वासियों ने जताया आभार

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों और ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री की इस घोषणा के पूरा होने पर आभार जताया है। क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। बागबहार निवासी खेलप्रेमी युवाओं ने कहा कि अब उन्हें अपने गांव में ही उच्च स्तरीय खेल प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के आयोजन का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में जशपुर जिला न केवल सड़क, पुल-पुलिया, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है, बल्कि अब खेल और संस्कृति के क्षेत्र में भी एक नया इतिहास लिख रहा है।

### बालिकाओं को मिली ...

की परंपरा निभाते हुए पुष्पगुच्छ और स्वागत गान के माध्यम से अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

